an>

Title:Need to expedite the construction of Central University in Hamirpur Parliamentary Constituency in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के समक्ष मेरे लोक सभा क्षेत्र की सैंट्रल यूनिवर्सिटी का मुद्दा रखना चाहूंगा। शिक्षा किसी भी समाज और सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। सैंट्रल यूनिवर्सिटी पूर्व की यूपीए सरकार के समय मेरे लोक सभा क्षेत्र हमीरपुर के देहरा स्थान के लिए मंजूर हुई और साथ में उसका कुछ हिस्सा धर्मशाला में बनना था। देहरा में बड़ी जगह उपलब्ध करवाई गई। उसकी इनवायरमैंट क्लीयरैंस ले ली गई। अब मजबूरी यह बन गई है कि केन्द्र सरकार चाहते हुए भी वहां काम नहीं कर पा रही है क्योंकि प्रदेश सरकार एक जिले को दो हिस्सों में बांट रही है। उनका ध्यान केवल धर्मशाला तक सीमित है। नई भूमि दिखाने के चक्कर में पहले जहां स्वीकृति मिली है वहां उसका काम शुरू नहीं हो पा रहा है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से केवल इतना निवेदन है कि धर्मशाला में जो जमीन देखनी है, वह देखें, जो जमीन पसंद करनी है, करें, लेकिन देहरा में जहां सैंकड़ो एकड़ जमीन प्रदेश सरकार के माध्यम से केन्द्र को प्रस्तावित की गई है, इनवायरमैंट क्लीयरैंस मिल चुकी है, वहां केन्द्र सरकार की ओर से नींव पत्थर क्यों नहीं रखा जा रहा है और प्रदेश सरकार उस काम को आगे क्यों नहीं बढ़ने दे रही है। अगर सही मायने में भारत को नॉलेज हब बनाना है तो उसके लिए इस तरह के एजुकेशनल इंस्टीटयूट्स का बनना बहुत आवश्यक है। केवल राजनीति का शिकार उसे न किया जाए, उसे जल्द से जल्द बनाया जाए और वहां के बच्चों को पढ़ने का अवसर दिया जाए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Keshav Prasad Maurya and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Anurag Singh Thakur.